हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 अगस्त 2025

06 नगर में निकाली अनेक तिरंगा यात्राएं,तीर्थ...



09 सिंधु जल समझौता अन्यायपूर्ण, पीओके ...








## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3155
सुजाता
न्यूनतम भाव-2501
उच्चतम भाव-2744
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2580
उच्चतम भाव-2590
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6082
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-8300
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2930
उच्चतम भाव-3430
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-4912
सरसों
न्यूनतम भाव-5910
उच्चतम भाव-8000
मूंग
न्यूनतम भाव-5405
उच्चतम भाव-7100
धान
न्यूनतम भाव-1330
उच्चतम भाव-2825
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6380
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6400

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 4555 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### नगर में देर तक हुई बारिश

**गंजबासौदा।** एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के बाद गत दिवस से इलाके में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। बुधवार को पांचवे दिन भी दोपहर के बाद नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देर तक बारिश हुई। इस बारिश से किसानों और फसलों को काफी राहत मिल गई। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में इलाके में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 अगस्त तक मौसम कभी खुला रहेगा तो कभी अच्छी बारिश हो सकती है। लेकिन इसके बाद से इलाके में लगातार और अच्छी बारिश शुरू होने के पूर्वानुमान हैं।

### दल ने किया पौधरोपण

**गंजबासौदा।** श्रमदान दल ने गत दिवस पौधरोपण और पुराने पौधों की देखरेख का काम शुरू किया। आकाश जैन ने बताया कि पौधरोपण अभियान के तहत 10 नए पौधे लगाए गए, उनकी फेसिंग भी की गई। दल का लक्ष्य है कि बारिश के दौरान ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं।

# दुर्घटनाओं में दो हिरणों की हुई मौत, एक हिरण के बच्चे को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गत दिवस दो अलग अलग घटनाओं में अलग अलग स्थानों पर दो हिरणों की मौत हो गई वहीं एक हिरण के बच्चे को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बचा लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बीलाढाना में एक काले हिरण पर आवारा कुत्तों के झुण्ड द्वारा हमला कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया, जान बचाकर काला हिरण प्रहलाद पाल के मकान के पास आकर गिर गया। सुबह जब प्रहलाद पाल अपनी गाय को भूसा रखने घर के बाहर आए तो उन्होंने देखा काला हिरण मृत अवस्था में पड़ा है। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरण के शव को बरामद कर अपने साथ ले आई।

वहीं विदिशा-अशोकनगर मार्ग पर गुरोद के पास एक तेज रफ्तार लाल रंग की कार ने सड़क पार कर रहे हिरण के बच्चे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हिरण के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार तेज रफ्तार में भाग निकला। हिरण का बच्चा झुंड से बिछड गया था। वह सड़क पार कर रहा था। सूचना मिलने पर रेंजर संगीता अमलतास ने वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने जांच शुरू की। विभाग आगे की कार्रवाई में जुटा है। वन विभाग का कहना है कि ऐसी घटनाएं वन्यजीवों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। इन्हें रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उधर उदयपुर क्षेत्र के विहिप कार्यकर्ताओं नितिन, सौरभ, पवन, हर्ष आदि ने नवजात हिरण के बच्चे को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाकर वन विभाग को सूचना दी और उसका उपचार करवाया। इसके बाद हिरण के बच्चे को सकुशल बेतौली स्थित वनडिपो में लाकर वहां वन कर्मियों के सुपुर्द किया गया।

## शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने ली शपथ

# नगर में निकाली अनेक तिरंगा यात्राएं, तीर्थ यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत कर किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा










हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रतिदिवस नये नवाचार आयोजित किये जा रहे है। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देश पर निकाय के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो देशभक्ति एवं स्वच्छता के संदेशो से गुंजायमान रही। वहीं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगरपालिका परिषद गंजबासौदा क्षेत्र से 12 चयनित हितग्राही अयोध्या-वाराणसी की यात्रा के लिये रवाना हुये।

उक्त तीर्थयात्रियों को नपाध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा यात्रा की शुभकामनायें देकर मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उन्हें रवाना किया। इस मौके पर रेल्वे स्टेशन पर तीर्थयात्रियों का हार-फूल मालाओं से स्वागत कर रवाना किया गया। वहीं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एनसीसी, एनएसएस एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस तिरंगा रैली में नशा मुक्त भारत अभियान, स्वच्छता अभियान और रक्तदान सेवा अभियान की जानकारी शहर के लोगों को दी गई। रैली में एनसीसी एवं एनएसएस के लगभग 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 110 विद्यार्थियों एवं 45 शिक्षकों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड की।

वहीं महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता ने महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, कार्यालयीन स्टाफ एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त म.प्र. करने की शपथ दिलाई गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय के डॉ. विकास एवं डॉ.हरिनारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में तिरंगा के इतिहास पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। तत्पश्चात हर घर तिरंगा अभियान के तहत डॉ. सपना श्रीवास्तव एवं डॉ. शिवानी बिश्नोई के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवक एवं एनसीसी यूनिट के कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी रही। वहीं रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ जन जागृति रैली और संकल्प सभा से हुआ। जिसमें नगर के सभी हायर सेकेंडरी स्कूल , कॉलेज एवं समाजसेवी ,जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यालयो की जन जागृति रैली में सम्मिलित होकर विभिन्न मार्गो से रक्तदान के लिए, नशा मुक्ति के लिए, एवं तिरंगा के सम्मान के लिए, जन जागृति रैली निकाली। इसमें हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकल्प सभा का आयोजन हुआ। इस संकल्प सभा में रक्तदान करने, नशा मुक्त नगर बनाने तथा तिरंगा की आन ,बान, शान की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रक्त सेवा समिति विगत 25 सालों से 5000 से ज्यादा अधिक रक्तदान और 60000 से ज्यादा रक्त समूह परीक्षण निशुल्क कर चुकी है। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा रक्त सेवा समिति विगत 25 वर्षों से जो काम कर रही है, वह मानव सेवा अनुकरणीय है। कार्यक्रम में एसडीएम विजय राय उपस्थित थे। एसडीओपी शिखा भलावी ने कहा कि रक्त सेवा समिति इतने विस्तार से 25 वर्षों से लगातार काम कर रही है मैं सभी सदस्यों, नगरवासियों को शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम में अनिल दुबे, राकेश जैन, रविंद्र जैन, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, बीआरसी, महेंद्र जैन, ममता जैन, विद्या यादव, सुरेंद्र सिंह राजपूत सौमित्र तिवारी सहित युवा शाखा के सभी कार्यकर्ता,समिति के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, आचार्यगण और हजारों उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जन जागरण गीत नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन विद्यार्थी विद्यालय के बच्चों ने तैयार किया । पदाधिकारी का तिलक बैच, लगाकर के सम्मान, स्वागत प्रमोद राजपूत उनकी बेटी, मुकेश तिवारी ,जयंती जैन, सुनीता दुबे आदि ने किया।

वहीं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत सुमेर दांगी हाई सेकेंडरी स्कूल से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें स्कूल स्टाफ एवं छात्र – छात्राएं मौजूद रहीं। तिरंगा यात्रा के दौरान स्कूल की छात्राओं द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह को राखी बांधी इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा छात्राओं को उनकी सुरक्षा के लिए आश्वस्त किया एवं स्वयं का मोबाइल नंबर देकर बताया कि त्योंदा पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है एवं चाईल्ट हेल्प लाईन 1098 व महिला हेल्प लाईन नंबर 1093, डायल 112 के बारें में अवगत कराया साथ ही बताया कि आपकी सूचना गोपनीय रखी जावेगी।

### एंटी रैगिंग दिवस का हुआ आयोजन

**गंजबासौदा।** कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से एंटी रैगिंग दिवस का आयोजन अधिष्ठाता डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को रैगिंग का मतलब बताते हुए कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालय में नए या जूनियर छात्रों के साथ वरिष्ठ छात्रों द्वारा किए जाने वाला दुर्व्यवहार जिसमें शारीरिक, मानसिक या यौन उत्पीड़न शामिल हो सकता है, रैगिंग है, जो एक अपराध है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉक्टर प्रवीण कुमार जगा ने बताया कि रैगिंग की क्रिया में संलग्न व्यक्ति को अपराध की श्रेणी में माना जाता है। इसके लिए कानून एवं व्यवस्था एजेंसियों द्वारा संस्थान स्तर की कार्रवाई के अलावा कड़ी पुलिस एवं कानूनी कार्रवाई भी की जावेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि दी जाने वाली सजा अनुकरणीय एवं न्यायोचित रूप से कठोर होनी चाहिए ताकि यह निवारक के रूप में कार्य करें। भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धाराओं के अनुसार धारा 324, 306 आदि के अनुसार जुर्माना एवं कारावास या दोनों हो सकते हैं इसके अलावा उन्होंने धारा 341, 506, 302, 307 आदि भी शामिल है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आभार डॉक्टर प्रीति चौहान ने माना।

### विहिप का मशाल जुलूस आज

**गंजबासौदा।** अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में गुरुवार को शाम 6 बजे विश्वकर्मा मंदिर, भावसार पुलिया बरेठ रोड से विशाल मशाल जुलूस प्रारंभ होकर बरेठ रोड से होकर जय स्तंभ चौक पहुंचेगा। जहां उसका समापन होगा। जहां भारत माता की आरती एवं अखंड भारत पर बौद्धिक होगा। उक्त कार्यक्रम में समस्त विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं एवं हिन्दू समाज से सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### खाद्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी निरीक्षण दल द्वारा बुधवार को तिरंगा चौक स्थित होटल से जलेबी एवं समोसा तथा किराना दुकान से तोष एवं घी के नमूने, बरेठ रोड स्थित किराना दुकान से मैदा, सूजी, मेथी दाना, तेल, अचार मसाला के नमूने लिए गए तथा नई कृषि मंडी के पास स्थित भोजनालय से नमक दाल आटा, छोला चना के नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी संदीप वर्मा एवं किरण श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

# मंच ने शुरू किया अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हम सभी भाई बहन पूरी आस्था और विश्वास से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और भी अधिक धूम धाम से घर घर तिरंगा फहरा कर मनाएंगे। साथ ही यह संकल्प लेगे कि अब हमारे घरो मे रोज इस्तेमाल करने वाली वस्तुए स्वदेशी ही आएेगी विदेशी नही आनलाइन नही। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ ने घर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ मुस्लिम बहुल बस्ती मे तिरंगा वितरण कर किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि बरसात में एक पौधा मां के नाम ऐसा जरूर लगाएं जो वृक्ष बने। आह्वान किया गया कि इस बार घर घर, मकान मकान, दुकान, फैक्टरी हर गली हर मुहल्ले में हर मंदिर मस्जिद गुरूद्वारा चर्च परिसर में खेतों पर खलिहानों में तिरंगा फहरा कर सारे जहाँ को तिरंगामय कर दे।

### महाविद्यालय में मनाई 23 वीं पुण्यतिथि

**गंजबासौदा।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में स्वर्गीय रतन चंद ओसवाल का 23वां पुण्य स्मरण मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शशि अनिल यादव ने की। मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि नीतू देवेंद्र रघुवंशी जनपद अध्यक्ष, पूर्व विधायक निशंक जैन, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव , कांतिभाई शाह, राजेश तिवारी कंछेदी लाल जैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान प्राचार्य इंदिरा दुबे ने बाबूजी के बताए मार्ग और पदचिन्हों पर चलने की छात्र' छात्राओं से बात कही। ओसवाल परिवार की ओर से छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

### त्योंदा पुलिस ने आरोपियों को लिया एक दिन के रिमांड पर



**त्योंदा।** त्योंदा पुलिस ने ग्राम गमीरी से चोरी हुई बुलेट मोटर सायकल के आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की। तत्पश्चात आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व ग्राम गंभीरी में रात लगभग 2 बजे अभिषेक मीना के घर से अज्ञात चोर एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसायकल चोरी कर ले गये थे। फरियादी की सूचना पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर विवेचना प्रारंभ की गई एवं अज्ञात चोर की तलाश प्रारंभ की गई । सायबर डाटा संकलित कर सीसीटीव्ही फुटेज चेक किया गया। चोरों की लगातार तलाश करते हुए त्योंदा पुलिस टीकमगढ पहुंची। जहां आरोपियों अवतार पाल उम्र 20 साल निवासी विकलौआ, नरेन्द्र राजा उर्फ कलूटे उम्र 28 साल निवासी ग्राम अतपेई को गिरफ्तार कर चोरी किये गये रॉयल एनफील्ड 350 वाहन क्रमांक **MP**40**MU** 7055 जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बबीता चौधरी, रघुवीर राय, तरूण वेदी, उदयभानु जकाते, अखिलेश शुक्ला, सतेन्द्र तोमर, शिवम तोमर, हरिकेश तोमर की विशेष भूमिका रही।

## कार्यक्रम के दौरान संस्कृत में संवाद का लिया संकल्प

# वेदांत आश्रम में संस्कृत सप्ताह का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से वेदान्त आश्रम में संस्कृत सप्ताह का समापन भव्य रूप से हुआ। यह आयोजन महर्षि पतंजलि संस्थान भोपाल एवं संत श्री जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्कृत सप्ताह के समापन सत्र में सबसे रोचक और जीवंत हिस्सा विद्यार्थियों की संस्कृत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ रहीं। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने परिसर में संस्कृत में वार्तालाप का संकल्प लिया। श्रीमद्जगद्गुरु स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज द्वारा स्थापित वेदान्त आश्रम में आयोजित हुए संस्कृत सप्ताह के समापन कार्यक्रम में महर्षि पतंजलि संस्थान समन्वयक पुरुषोत्तम तिवारी, राजेश तिवारी, योग शिक्षक महेंद्रसिंह रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महंत हरिहर दास महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आश्रम में संस्कृत में ही संवाद करने का संकल्प दिलाया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे संस्कृत पढ़कर भी जीवन में उच्च उपलब्धियां हासिल कर आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टर जैसे उच्च पदों पर सेवा दे सकते हैं।


अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संस्कृत के पुनर्जागरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह भाषा हमारी पहचान और गौरव की धरोहर है। विद्यार्थी प्रिन्स, रोहित और अमन ने बन्धन-पाठ प्रस्तुत किया। तत्पश्चात हिमांशु, कुणाल और पवन ने मधुर स्वर और स्पष्ट उच्चारण के साथ स्तोत्र-पाठ किया। मयंक और सुमित ने ऊर्जावान और भावपूर्ण ढंग से कालभैरवाष्टक का पाठ किया। यश और सिद्धान्त ने संस्कृत गीत, लक्ष्मण ने निश्चय मम विद्यालय विषय पर निबंध वाचन किया, देवचंद और देवर्षि ने लयबद्ध श्लोक गायन किया।

प्रियांश, समर, आदित्य और तनिश ने मिलकर भावपूर्ण शिव संकल्पसूक्त प्रस्तुत किया। रोहित समूह ने संकटनाशन गणेश स्तोत्र, देवकीनन्दन, रौनक, तिलक, सत्यम, नन्दलाल और हरिओम ने एक सामूहिक श्लोक गायन से प्रस्तुति-परंपरा का समापन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशी, वेदाध्यापक वेदमूर्ति शिवशंकर पाण्डेय, अध्यापक शुभम शर्मा, मोहित शर्मा, भूपेंद्र सेन अनिल चतुर्वेदी, हिमांशी चतुर्वेदी अभिलाषा चतुर्वेदी, विनोद एवं सुनील सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, नगरवासी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण और आश्रम के विद्यार्थी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई क्लस्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर बने अतुल जाट

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अतुल जाट को सीबीएसई क्लस्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 का



ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 14 अगस्त से 17 अगस्त तक सेज इंटरनेशनल स्कूल भोपाल मप्र में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके अतुल को इस ज़िम्मेदारी के साथ खिलाड़ियों की तकनीकी गुणवत्ता, खेल भावना और नियमों के पालन की निगरानी की अहम भूमिका सौंपी गई है।

### करारिया टीआई ने निकाली तिरंगा यात्रा



**करारिया।** ग्राम पंचायत करारिया में करारिया थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन के नेतृत्व भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जादौन मौजूद रहे। देश भक्ति गीतों के साथ बाइक एवं साइकिल पर तिरंगा लगाकर लोग निकले। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं युवाओं व छात्रों ने यात्रा में अहम भूमिका निभाई। पंचायत भवन से मुख्य सड़क होते हुए करारिया चौराह पर यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि धन्नालाल अहिरवार, उप सरपंच दीपचंद साहू आदि मौजूद रहे।

### सीएमएचओ कार्यालय तक निकली तिरंगा यात्रा



**विदिशा।** सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार, सिविल सर्जन सह-अधीक्षक डॉ अनूप वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने बुधवार को तिरंगा यात्रा रैली आयोजन किया गया जो जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर वापस सीएमएचओ कार्यालय पहुंची। यात्रा के माध्यम से देश भक्ति का संदेश दिया गया।

### आज शाम 5 बजे होगी शांति समिति की बैठक

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज शुक्रवार 14 अगस्त को शांति समिति की बैठक होगी। यह बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में शाम 5 बजे से शुरू होगी। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि आगामी पर्व जन्माष्टमी, गणेश उत्सव, मिलाद उल नबी एवं पर्यूषण पर्व के संबंध में बैठक होगी।

## तिरंगा यात्रा में शामिल होने विदिशा आए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

# सिंधु जल समझौता अन्यायपूर्ण, पीओके भारत का अभिन्न अंग है: शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा आए। उन्होंने ऑडिटोरियम में आयोजित स्व सहायता समूह की महिलाओं के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद माधवगंज पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मंच से पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया।



**विदिशा।** तिरंगा यात्रा के दौरान खुले ट्रॉले पर खड़े होकर हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री चौहान।

पूर्व सीएम ने कहा कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा, किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। सिंधु जल समझौते को अन्यायपूर्ण बताते हुए उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अब यह पानी पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत के किसानों के काम आएगा।

स्वदेशी अपनाने को लेकर उन्होंने कहा कि घरेलू जरूरत का सामान भारत में ही बनाना और खरीदना चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने 144 करोड़ भारतीयों की एकजुटता का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर शिवराज ने कहा कि किसानों, पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। सिंधु जल समझौते को अन्यायपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे रद्द कर दिया गया है। अब यह पानी किसानों के काम आएगा। उन्होंने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताया। इसके बाद तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रायसेन रवाना हुई। यात्रा में विधायक मुकेश टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी विशेष रूप से शामिल रहे। इस यात्रा में शामिल कर्मचारियों के शामिल होने पर कांग्रेस ने एक दिन पहले ही आपत्ति लेते हुए ज्ञापन सौंपा था। कांग्रेस की दलील थी कि भाजपा पार्टी की तिरंगा यात्रा की जगह इसे शासकीय किया जाए। बावजूद नगर के शासकीय कर्मचारियों को शामिल होने के लिए बार बार मैसेज भेजे जाते रहे।

### लाडली बहनाओं ने राखी बांधी, बहनों को दिए उपहार

केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑडिटोरियम में आयोजित स्व सहायता समूह की महिलाओं के उन्मुखीकरण एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से राखी बंधवाई और उन्हें स्नेह स्वरूप उपहार भी भेंट किए। उन्होंने कहा है कि देश के प्रत्येक नागरिक को देश में निर्मित वस्तुओं को क्रय करना चाहिए, ताकि हमारे देश के छोटे व्यवसायियों को लाभ पहुंचे और रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को छोटी से छोटी वस्तुएं भी खरीदना है तो देश के नागरिकों द्वारा निर्मित की गई वस्तुएं ही खरीदना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।

# मजदूरी के रुपए मांगने पर स्कूल संचालक दे रहा जान से मारने की धमकी

### ठेकेदार सहित मजदूरों ने कलेक्ट्रेट में की शिकायत



**विदिशा।** इन्द्रा इंटरनेशनल स्कूल गुलाबगंज के संचालक रविंद्र पुनिया द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं करने और मांगने पर ठेकेदार मजदूरों को धमकाने का मामला सामने आया है। मजदूरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर इसकी शिकायत भी की है।

सुभाषनगर निवासी मनीष रैकवार को 1 जून को इन्द्रा इंटरनेशनल स्कूल गुलाबगंज के संचालक रविन्द्र पुनिया ने स्कूल में पेड़-पौधे एवं अमेरिकन घास लगाने का ठेका दिया था। दोनों के बीच में तय हुआ था की अमेरिकन घास लगाने एवं पेड़ लगाने का 8 रुपए वर्गफिट के हिसाब से पैसा दिया जाएगा। रविन्द्र पुनिया ने 10 हजार एडवांस दिए। 30 प्रतिशत कार्य करने के बाद 50 हजार फोन पे किए। 60 प्रतिशत कार्य होने पर फिर 50 हजार दिए। कुल राशि 1 लाख 10 हजार रुपए दिए गए। इसके बाद कहा गया कि काम होने पर हिसाब करेंगे। ठेकेदार ने 15-20 मजदूरों से 1-2 माह में काम किया। जिसकी कुल राशि 3 लाख 96 हजार 800 रुपए बनी। शेष राशि 2 लाख 86 हजार 800 रुपए जब ठेकेदार मनीष रैकवार ने स्कूल संचालक रविंद्र पुनिया से मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है।

### स्व. दानेंद्र दुबे की स्मृति में छात्र छात्राओं को करेंगे सम्मानित

**विदिशा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. दानेंद्र दुबे की स्मृति में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम बर्रो के शासकीय हाई स्कूल में कक्षा 1 से 10 तक के 30 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। राजेश दुबे बर्रो ने बताया कि न्यास का गठन 2014 मे किया गया था। तभी से प्रतिभाओं को प्रति वर्ष सम्मानित किया जा रहा है। न्यास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।



### फाइनल रिहर्सल की

**विदिशा।** जिला मुख्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जारी हैं। बुधवार को फाइनल रिहर्सल की गई। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने ध्वजारोहण किया। एएसपी प्रशांत चौबे के साथ खुली जिप्सी में सवार होकर उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन का अभ्यास किया। इस दौरान मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ। हर्ष फायर के बाद रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। परेड कमांडर के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने मार्च पास्ट किया। मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं।

### राठौर क्षत्रिय समाज ने निकाला चल समारोह

**विदिशा।** बुधवार को राठौर समाज द्वारा राष्ट्रवीर श्री दुर्गादास राठौर की 387 वीं जयंती मनाई गई। रविन्द्रनाथ टैगोर परिसर में स्थिति दुर्गादास जी की प्रतिमा पर क्षत्रिय राठौर समाज जिला अध्यक्ष भंवरलाल राठौर एवं समाज के अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसके बाद चल समारोह का आयोजन किया गया। चल जो राठौर क्षत्रिय समाज के श्रीराम जानकी



मंदिर बजरिया से प्रांरभ होकर नगर के मुख्य मार्ग लोहा बाजार, माधवगंज से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट तारादेवी हॉल में समापन हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑडिटोरियम में वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, भाजपा नेता मनोज कटारे, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### संस्कृत सप्ताह समापन समारोह का आयोजन



**विदिशा।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर नंदवाना में संस्कृत भारती इकाई के तत्वावधान में 7 दिनों से चल रहे संस्कृत सप्ताह का समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत नारायण प्रसाद शर्मा ने की। मंच का संचालन संस्कृत भारती इकाई के जिलाध्यक्ष राजपुरोहित, डॉ मनोज शास्त्री ने किया। आभार प्रदर्शन सुरेंद्र कुशवाह ने किया। पूजन साहित्य व पुष्पमाला की व्यवस्था मनीष सोनी ने की। प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी ने संस्कृत भाषा की महती भूमिका के संदर्भ में कहा। विशिष्ट वक्ता भागवताचार्य पीलेश शास्त्री ने संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक वार्ड में साप्ताहिक संस्कृत कक्षाओं के संचालन हेतु निवेदन किया। मुख्य वक्ता यज्ञाचार्य पं विष्णु प्रसाद शास्त्री ने जीवन ही संस्कृत है इस पर जोर दिया।

## दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री रोकने गृह मंत्री से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

**नियम तोड़ने वाली ई-फार्मेसियों को बंद कर युवाओं को नशे के खतरे से बचाया जाए।**

अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन (एआईओसीडी), जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्टों का प्रतिनिधित्व करता है, ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर ई-फार्मेसी और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे ज़ेप्टो व ब्लिंकिट द्वारा 10 मिनट में दवाओं की अवैध डिलीवरी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

एआईओसीडी अध्यक्ष जेएस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के बावजूद ये प्लेटफॉर्म बिना सही प्रिस्क्रिप्शन जांच के शेड्यूल एच/एच-1/एक्स दवाएं वितरित कर रहे हैं, जिससे युवाओं में नशे का दुरुपयोग बढ़ रहा है। संगठन ने बिना निगरानी के लत लगाने वाली दवाओं की आपूर्ति, फर्जी पर्ची का इस्तेमाल और प्रीगैबलिन जैसी दवाओं की आसान ऑनलाइन उपलब्धता को गंभीर खतरा बताया। एआईओसीडी ने सरकार से मांग की कि इन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री व त्वरित डिलीवरी पर तत्काल प्रतिबंध लगे, नियम तोड़ने वाली ई-फार्मेसियों को बंद किया जाए और कड़े प्रवर्तन से युवाओं को नशे के खतरे से बचाया जाए। संगठन ने नशे के विरुद्ध युद्ध में सरकार का साथ देने का संकल्प जताया।

### कलेक्टर से मिले आईजी पंजीयक

**विदिशा।** महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक और विभागाध्यक्ष अमित तोमर ने बुधवार को जिला पंजीयक कार्यालय में पहुंचकर जायजा लिया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आईजी पंजीयन श्री तोमर से सौजन्य मुलाकात कर जिले में पंजीयन विभाग से संबंधित क्रियान्वित व्यवस्थाओं को सांझा किया है। इसके पश्चात आई जी पंजीयन और कलेक्टर ने संयुक्त रूप से जिला पंजीयक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और संपादित किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की है।

विभागाध्यक्ष ,महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक अमित तोमर ने बताया कि फील्ड स्तर पर आम पक्षकार, सेवाप्रदाता एवं अधिकारियों से चर्चा की गई। प्राप्त फीडबैक बिंदुओं को टेक्निकल टीम के माध्यम से सुधार करवाए जाने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षिप्रा सेन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जन चेतना मंच के तत्वाधान में परिणय गार्डन में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी शामिल हुईं।

कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों और भुजरिया मिलन के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने कहा कि जन चेतना मंच एक गैर राजनीतिक संगठन है। जिसका उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व वित्तमंत्री राघव जी भाई ने विदिशा के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा विदिशा का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली है। एक समय यहां मुख्यमंत्री, स्पीकर, और दो-दो मंत्री रहते थे। विदिशा में भगवान राम के चरण पड़े हुए हैं, इसलिए बेतवा के घाट को चरणतीर्थ के नाम से जाना जाता है। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी एवं जन चेतना मंच की टीम मौजूद रही।

## सरकार के शासन संधारित मंदिर के फैसले को लोक हितकारी बताया

**:कस्बा बागरोद।** सरकार ने प्रदेश के मंदिरों को संरक्षित सुरक्षित करने का कदम उठाया है। यह



निर्णय लिया गया है कि मंदिरों की 10 एकड़ तक की भूमि पुजारी पर रहेगी। इससे अधिक भूमि को सरकार पारदर्शी तरीके से नीलाम कर राशि तहसीलदार एवं पुजारी के शामिल खाते में जमा की जाएगी। इस राशि से मंदिरों के पुजारी पूजा पाठ एवं अन्य जरूरी सामग्री ले सकेंगे। साथ ही मंदिरों की दशा एवं दिशा बदलेगी। प्रदेश के मुखिया का यह क्रांतिकारी, धर्महित, जनहित मे लिया निर्णय है। जिसे ग्रामीण भी लोक हितकारी बता रहे हैं। इस फेसले से जीर्ण शीर्ण मंदिरों की दयनीय हालत में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेगा, लेकिन शासन प्रशासन को जमीनी स्तर पर प्रभावशाली बाहुवलियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई कर मंदिर एवं मंदिर की भूमिओं की रक्षा करनी होगी और साफ संदेश देना होगा की मंदिर शासकीय और सार्वजनिक हैं। तभी सही मायने में संधारित मंदिरों का वास्तविक में उद्धार हो सकेगा। जिले में सैकड़ों एकड़ भूमि मंदिरों से लगी है। उनके संरक्षक जिला दंडाधिकारी (कलेक्टर) भी है, लेकिन भगवान कुटियों या खंडहर हो रहे मंदिरों में विराजमान हैं। कई मंदिरों की दुर्दशा दयनीय हालत में है। यहां तक कि मंदिर के लिए लगी भूमि पर कुछ लोग अपना अधिकार जमाने लगे हैं। जबकि जमीदारी प्रथा खत्म होने से सभी मंदिर एवं भूमियां शासकीय एवं सार्वजनिक कर दी गईं। जिनका भू अभिलेख में अध्यक्ष कलेक्टर होता है। शासन ने इन सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए प्रदेश के मंदिरों को शासन संधारित कर दिया है। इस फैसले का विदिशा जिले में सख्ती से पालन किया जाए तो सैकड़ों मंदिरों की तस्वीर बदल सकती है।







### पुलिस लाइन में देर रात तक चला कार्यक्रम

# पुलिस के अधिकारियों ने गाए देशभक्ति के गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मंगलवार देर रात पुलिस लाइन में आजादी के अमृत महोत्सव और स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता तरंग मिलन समारोह में कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी का मार्गदर्शन रहा।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे समेत अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



एसपी रोहित काशवानी ने पल पल दिल के पास गाना गाया। डॉ. प्रशांत चौबे ने ये देश है वीर जवानों का गीत प्रस्तुत किया। स्थानीय कलाकारों और पुलिस बैंड ने भी प्रस्तुतियां दीं।

### राष्ट्रहित में योगदान देने पर सम्मानित किया

कोतवाली टीआई आनंद राज ने 'मेरा रंग दे बसंती चौला' गाया। निरीक्षक योगेंद्र साहू ने मौसम पर आधारित गीत पेश किया। स्थानीय कलाकारों और पुलिस बैंड ने भी प्रस्तुतियां दीं। समारोह में समाज में जनजागरण और राष्ट्रहित में योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। पत्रकारों ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन जनसंपर्क और सामुदायिक सहभागिता में नई मिसाल कायम कर रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित समृद्धशाली बनकर उभराः शिवराज सिंह

# शहर में निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति का गूंजा जयघोष, रैली में तिरंगा लहराते हुए भाजपाई हुए शामिल, उमड़ा देशप्रेम का जज्बा








हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को शाम विशाल तिरंगा यात्रा लेकर रायसेन जिला मुख्यालय पहुंचे। उनकी तिरंगा यात्रा को सलामतपुर त्रिमूर्ति तिराहे से वाहनों के काफिले को शहर के इंडियन चौराहे तक आने में करीब सवा घंटे का समय लगा। सलामतपुर तिराहा से लेकर गोपालपुर तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने कई स्थानों पर भाजपाईयों, आमजन द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया।

कृषि मंत्री श्री चौहान रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आए। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान के अलावा विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर, विधायक सुरेंद्र पटवा, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा विशेष रूप से तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस रैली का आयोजन जिला भाजपा द्वारा किया, जिसकी शुरुआत त्रिमूर्ति तिराहे सलामतपुर से हुई।

इस अवसर पर तिरंगा यात्रा में भाजपाइयों के अलावा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, साधना सिंह विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, रामपाल सिंह राजपूत ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शहर में देशभक्ति का संदेश फैलाया। यात्रा का उद्देश्य नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करना और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। तिरंगा यात्रा और बाइक रैली के दौरान देशभक्ति के गीतों और नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। ट्रैक्टर रैली का नेतृत्व समाजसेवी मनोहर मेहरा और बाइक रैली का नेतृत्व युवा नेता अंशुल शर्मा हाथों में तिरंगा लेकर करते दिखाई दिए।

## सांचीः तिरंगा यात्रा का नप ने किया भव्य स्वागत

**सांची।** विदिशा से रायसेन तक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के तत्वाधान में निकाली गई तिरंगा यात्रा का सांची में नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार द्वारा नगर के चौराहों पर 7 जगह तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस स्वागत में सांची नगर के सभी नगर वासियों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर कृषि मंत्री श्री चौहान तथा उनके साथ चल रहे सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।



यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया सभी के हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए रथ के साथ चल रहे थे। विदिशा से विधायक मुकेश टंडन ने आधा सफर तय कर कर वापस प्रस्थान किया। अग्रवाल अकादमी के पास से विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, सुरेंद्र पटवा, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### खबर संक्षेप

#### गैरतगंज के महलपुर पाठा में 16 को आएंगे मुख्यमंत्री

**रायसेन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में जिले के गैरतगंज के ग्राम महलपुरपाठा स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 'श्रीकृष्ण पर्व'- हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव का आयोजन 16 अगस्त को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। एक दिवसीय समारोह में श्रीकृष्ण केंद्रित भक्ति गीतों के से कलाकार सुरों से सुगंधित भक्ति की जमुना में श्रोताओं को गोते लगवाएंगे। समारोह में सागर के कडोरी प्रजापति एवं ग्रुप द्वारा बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे।



#### आज किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि

**रायसेन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मंडला में बलराम जयंती पर किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे। इस योजना से प्रदेश के 83 लाख किसान हितग्राही लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है। इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है।

#### 54 विद्यार्थियों को निशुल्क साईकिल का किया वितरण

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सेमरा में ग्राम छोला, बनखेडी, केमखेड़ी, सत्ती बांसिया मुश्काबाद, भंवरखेडी, कालीटोर पिपरई, मुनारा मुड़ियाखेड़ा सहित अन्य गांवों से अध्ययन करने के लिए आने जाने वाले 54 छात्र-छात्राओं को बुधवार निःशुल्क साईकिल का वितरण की गई। जिसमें कक्षा नवमीं के 45 छात्र-छात्राओं को तो कक्षा छठवीं की 9 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित की गई। साइकिल मिलते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल की छुट्टी के बाद सभी छात्र-छात्राएं खुशी खुशी अपने घर के लिए निकले। साइकिल वितरित का कार्यक्रम शाला परिसर में किया गया जिसमें पालक जन, प्रतिनिधि, शिक्षक सहित छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## सैकड़ों की संख्या में जमा हो गए थे किसान, पुलिस ने संभाला मोर्चा

# डीएपी-यूरिया की भारी किल्लत, दिनभर लाइन में लगने के बाद भी हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसानों को यूरिया, डीएपी खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिला विपणन विभाग की खाद गोदाम संजय नगर और कृषि उपज मंडी की एमपी एग्रो की खाद गोदाम पर किसान दो तीन बोरी खाद के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं।

जिलेभर के किसानों में खरीफ फसलों को लेकर डीएपी और यूरिया की मांग बढ़ गई है। लेकिन कई तहसीलों में डीएपी और यूरिया की भारी कमी देखी जा रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति मंडी रायसेन के एमपी एग्रो की खाद गोदाम में भी मंगलवार को देखने को मिली। डीएपी और यूरिया खाद के लिए बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए। वितरण केंद्र पर अफरा-तफरी भरा माहौल रहा।

बताया गया कि मंगलवार को नगर के कृषि मंडी की खाद गोदाम में 700 बैग डीएपी यूरिया, सोड़ा लेकर एक ट्रक पहुंचा था। महत्वपूर्ण उर्वरकों की कमी के डर से किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस को भी किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

### प्रतिदिन केवल 500 किसानों को वितरित की जा रही खाद






#### टीआई ने संभाला मोर्चा

थाना कोतवाली नगर निरीक्षक नरेंद्र गोयल ने बिगड़ रही स्थिति को समझते हुए स्वयं मोर्चा संभाला और किसानों को कतार में रहकर उर्वरक प्राप्त करने के लिए कहा। दूसरी ओर किसानों ने उर्वरक आपूर्ति के बार-बार कुप्रबंधन पर नाराजगी व्यक्त किया और वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

#### आरोप- मुंह देखकर बांट रहे खाद

*एमपी एग्रो रायसेन के प्रभारी अधिकारी मनोहर उइके ने बताया कि क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा से भी अधिक ग्रामों से किसान पहुंचे थे। 700 बैग की डीएपी खाद रायसेन मंडी की गोदाम में पहुंचा था इस कारण अव्यवस्था हुई। मंगलवार को करीब 500 बैग खाद का वितरण किया जा सका। शेष किसानों को आगामी दिनों में वितरण किया जाएगा। किसानों ने बताया कि गोदाम प्रभारी किसानों का मुंह देखकर खाद बांटा जा रहा है। बही खाते पर बीघा के हिसाब से खाद वितरित की जाती है।*

#### इनका कहना है

संजय नगर की खाद गोदाम पर जानकारी लगने पर अचानक से बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने से अव्यवस्था हुई। हालांकि यहां 500 बैग खाद का वितरण किया। शेष किसानों को भी खाद वितरित की जाएगी। गोदाम में खाद का पर्याप्त स्टॉक है।

**- एके पुरोहित,** गोदाम प्रभारी

## सफलता से अधिक जीवन में सार्थकता जरूरीः राज्यमंत्री

### खरगोन के पीएमश्री विद्यालय में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने किया साइकिलों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/खरगोन

पीएमश्री विद्यालय में आयोजित छात्राओं के साईकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सफलता से अधिक जीवन में सार्थकता जरूरी है। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि अब एक साल की पूरी विधायक निधि केवल सरकारी विद्यालयों को दूंगा, जरूरत पड़ी तो कुछ निजी विद्यालयों को भी राशि दी जाएगी।

पीएमश्री विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को साईकिलों का वितरण किया तो छात्राओं के चेहरे खिल उठे। खरगोन में संदिपनी विद्यालय की स्थापना का भरोसा दिया। कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ और विकास कर रहा है। कहा कि डायल 100 की जगह 112 शुरू हो रही है। जिससे सेवाओं का लाभ मिलेगा।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का स्कूल के प्रचार्य एनएस बुनकर द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। नपं. उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, योगेश पटेल, खरगोन भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी, खरगोन सरपंच विनोद त्रिपाठी, भगवान सिंह धाकड़, दर्शन सिंह, मनोज शर्मा, मनीष शर्मा, अखिलेश तिवारी ने संचालन और प्राचार्य बुनकर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राज्यमंत्री पटेल के नेतृत्व में निकाली जाएगी नगर में तिरंगा यात्रा आज

### किसान भवन में हुई तैयारियों को लेकर बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

किसान भवन में हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकालने, रूपरेखा और तैयारियों को लेकर बैठक हुई। आज गुरुवार को नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसका नेतृत्व विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा किया जाएगा।

तिरंगा यात्रा की तैयारियों एवं हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक में एसडीएम संतोष मुदगल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, नपं. के पार्षदों, अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों की भारी उपस्थिति रही।

तिरंगा यात्रा को लेकर नगर एवं क्षेत्र के निवासियों, युवाओं और विभिन्न संगठनों मं भारी उत्साह का माहौल बना नजर आ रहा है।

## निराला समिति के तत्वावधान में होगा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विगत 30 वर्षो से नगर एवं क्षेत्र में हिन्दी साहित्य के प्रचार प्रसार के साथ वर्ष में अनेक बार कवि सम्मेलन आयोजित करने वाली संस्था श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन में बाहर से आए एवं स्थानीय कवियों द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

15 अगस्त शुक्रवार की रात 8 बजे रामलीला मैदान में कवि सम्मेलन प्रारंभ होगा। जिसमें सफर जौनपुरी नागपुर, रचना गोस्वामी मैरठ, पीयूष पराग पन्ना, साजिद अंसारी भोपाल, अशोक श्रीवास्तव, गोविन्द शर्मा, देवी जैन, प्रेमनारायण साहू द्वारा राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत काव्य रचनाओं का पाठ किया जाएगा। समिति के संरक्षक सुरेश बिदुआ, अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, उपाध्यक्ष जेएस ठाकुर, सचिव अवधनारायण सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनूप जैन, सहित राजेन्द्र पटेल, गोपाल बांसल, भगवान दास राठी, सुशील मिश्रा, किशोर श्रीवास्त, सईद पठान, महेन्द्र भावसार, राजेन्द्र चौधरी, नरेश जैन इत्यादि ने सभी काव्य प्रेमियों से 15 अगस्त की रात्रि 8 बजे रामलीला मैदान पहुंचने की अपील की है।

## तिरंगा यात्रा में गूंजे देश भक्ति के तराने




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की गूंज हर वर्ग में गूंजायमान हो रही है। सभी के दिलो दिमाग में भारत माता का जयकारा गूंज रहा है। नगर में बुधवार को भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेई इंडोर स्टेडियम से विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में जन प्रतिनिधि, विद्यार्थी, अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य संख्या में शामिल हुए।

यात्रा में जहाँ देश भक्ति के गीतों के साथ लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए, उत्साह पूर्वक कदम बढ़ाए। तिरंगा यात्रा प्रारंभिक स्थल से बढ़कर बजरंग चौराहा, गांधी चौक आदि मुख्य मार्गो होती हुई तहसील परिसर स्थित शहीद स्तंभ पहुंचकर समाप्त हो गई।

### पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

**सिलवानी।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सिलवानी के द्वारा बुधवार को सुबह के समय एक रैली का आयोजन किया। नोडल अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत नेमा के नेतृत्व में इस रैली में प्राचार्य मनोहर पंथी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं समस्त स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। सभी छात्र छात्राएं हाथ में तिरंगा लिए हर घर तिरंगा अभियान का बैनर हाथ में लिए भारत माता के जयकारों के साथ महाविद्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग तक आए और नगर पंचायत द्वारा आयोजित मुख्य रैली में सम्मिलित हुए शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

### होमगार्ड मैदान पर होगा मुख्य समारोह, प्रभारी मंत्री करेंगे झंडावंदन

# कलेक्टर-एसपी ने फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सागर रोड स्थित होमगार्ड परेड मैदान पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ध्वजारोहण करेंगे।

गुरूवार को होमगार्ड मैदान पर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज कुमार पाण्डे की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रारंभिक तैयारियों से लेकर अंतिम चरणों तक होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा देखी तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। रिहर्सल में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल द्वारा ध्वजारोहरण किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय तथा एएसपी कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### खास बातें

- कलेक्टर-एसपी ने फायनल परेड रिहर्सल में देखी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां एवं व्यवस्थाएं
- कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे
- स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर 14 एवं 15 अगस्त की रात में की जायेगी प्रकाश की व्यवस्था



### जिले में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

*रायसेन में होमगार्ड परेड मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ध्वजारोहण करेंगे। समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण होगा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री बधाई संदेश का वाचन करेंगे। जनपद पंचायत मुख्यालय पर जनपद अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण कर तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका/नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है, उनमें नगर पालिका/नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और राष्ट्र गान गाया जाएगा। पंचायत मुख्यालय पर समारोह में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और राष्ट्र गान गाया जाएगा। कार्यक्रमों में सभी संसद सदस्य, विधायक गण, महापौर, पार्षद एवं अन्य नागरिकों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जायेगा। सभी शासकीय कार्यालयों/शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण होगा।*

## 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया चिन्हित, भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के सिविल अस्पताल में बुधवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। आपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को भोपाल रेफर किया।




शिविर में आए 67 मरीजों की आंखों की जांच नेत्र सहायक पुष्पराज आर्य द्वारा की जाकर 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सेवा सदन ने चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर भोपाल के लिए रेफर किया। जहां ऑपरेशन की प्रक्रिया विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पूर्ण की जाएगी। ऑपरेशन के पश्चात मरीजों को वापिस पहुंचाया जाएगा। शिविर में कम्यूनिटी मोबिलाईजर संजीव धाकड़ तथा मुकेश राय का सक्रिय सहयोग रहा।